卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 39 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦शनिवार ♦15 नवम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# पुलिस स्टेशन में विस्फोट, नौ की मौत

## विस्फोटक के सेंपल लेने के दौरान हुआ धमाका, 40 घायल



श्रीनगर (उद ब्यूरो)। दिल्ली आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के दक्षिण श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार देर रात भीषण धमाका हुआ। यह धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। पुलिस स्टेशन का एक हिस्सा ढह गया । विस्फोट में नौ पुलिस कर्मियों की मौत हो गयी जबकि करीब 40 लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि यह विस्फोट उस समय हुआ जब अधिकारी हाल ही में 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त किए गए विस्फोटकों के एक बड़े जखीरे से नमूने निकाल रहे थे। नौगाम पुलिस स्टेशन के पास हुए विस्फोट पर जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि पुलिस थाना नौगाम की एफआईआर संख्या 162/2025 की जांच के दौरान, 9 और 10 नवंबर, 2025 को फरीदाबाद से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ, रसायन और रीजेंट बरामद किए गए। यह बरामदगी, बाकी बरामदगी की तरह, पुलिस स्टेशन नौगाम के खुले क्षेत्र में सुरक्षित रूप से ले जाकर रखी गई। निर्धारित प्रक्रिया के तहत, बरामदगी के नमूनों को आगे की फोरेंसिक और रासायनिक जाँच के लिए भेजा जाना था। बरामदगी की मात्रा बहुत अधिक होने के कारण, यह प्रक्रिया पिछले 2 दिनों से, यानी कल शुक्रवार और परसों गुरुवार से, एफएसएल टीम द्वारा चल रही थी। बरामदगी की अस्थिर और संवेदनशील प्रकृति के कारण, नमूना लेने की प्रक्रिया और संचालन एफएसएल टीम द्वारा अत्यंत सावधानी (शेष पृष्ठ सात पर)

# भूकंप से बचाव के लिए प्रदेश भर में मॉक ड्रिल

देहरादून( उद संवाददाता)। उत्तराखंड में भूकंप जैसी आपदाओं के प्रति तैयारी और जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे प्रदेश में मॉक ड्रिल शुरू कर दी गई हैं। पहाड़ से मैदान तक 80 से अधिक स्थानों पर आयोजित इस अभ्यास में एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनसीसी, होमगार्ड और पीआरडी के जवान सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस बार मॉक ड्रिल में डिजिटल ट्विन तकनीक का प्रयोग किया गया है। यह तकनीक किसी भवन या स्थान की वर्चुअल प्रति तैयार करती है, जिससे वास्तविक आपदा जैसी परिस्थितियों का अभ्यास सुरक्षित तरीके से किया जा सकता है। थराली, (शेष पृष्ठ सात पर)



# पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा नानक सागर डाम: धामी

## जनजाति गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नानकमत्ता क्षेत्र और जनजाति समाज के लिए की कई घोषणाएं

नानकमत्ता। भगवान बिरसा मुण्डा की 150 की जयंती पर आयोजित







कार्यक्रम का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीप जलाकार शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सीएम धामी ने नानक सागर को टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाये जाने सहित कई अहम घोषणाएं भी की। सीएम धामी ने जनजाति गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनजाति समाज के नायक बिरसा मुंडा का समाज के लिए बहुत बढ़ा योगदान था, जिनके इतिहास को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सीएम धामी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजाति समाज के गोरव साहस और स्वाभिमान के अमर प्रतीक हैं। जिन्होंने जीवन काल में वो अदभुत कार्य करके दिखाया जो सदियों तक समाज को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने अल्पायु में स्वतंत्रता स्वाधिकार आत्म सम्मान की ऐसी चेतना समाज में जागृत की जिसने पूरे जनजाति समाज को एकजुट कर एक नई दिशा प्रदान की। उनके आंदोलन ने केवल अन्याय और अत्याचार के खिलाफ व्यापक (शेष पृष्ठ सात पर)

# ट्रैक्टर ट्रॉली और कार की भिड़ंत में एक की मौत, चार गंभीर



रूद्रपुर/किच्छा( उद संवाददाता)। शनिवार तड़के पराली लेकर जा रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे नेपाल मूल की एक महिला की मौत हो गई और चालक सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब साढ़े चार बजे घटी, जब त्रिलोक पुरी दिल्ली से नेपाल की ओर जा रहे पांच लोग कार संख्या यूपी 14 पीटी 9047 में सवार होकर से किच्छा होते हुए गुजर रहे थे। इसी दौरान सितारगंज रोड पर गलत दिशा से पराली से भरी तेज गति आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली संख्या यूके 04 एडी7993 के चालक ने उनकी कार को जार से सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार 47 वर्षीय जयंती देवी भट्ट पत्नी दीपक राज भट्ट निवासी भागेन दोरा, नेपाल, की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि 24 वर्षीय प्रीति भट्ट पुत्री दीपकराज निवासी भागेन दोरा, नेपाल, 20 वर्षीय सुभाष भट्टराय पुत्र हरीश भट्टराय निवासी अटरिया, नेपाल, कार चालक 38 वर्षीय करन सिंह पुत्र ठगी सिंह सहित 22 वर्षीय गणेश पुत्र भगत सिंह निवासी लमकिचवा नगरपालिका जिला कैलाली गंभीर रूप से घायल हो गये । मामले की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर आ पहुचे और उन्होंने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रूद्रपुर भिजवाया। पुलिस ने घटना के बाद क्षतिग्रस्त हुए दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना की जानकारी मृतक व घायलों के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस ने मृतका जयंती देवी का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर गरजी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री

रुद्रपुर। जनपद की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने आज मानदेय वृद्धि सहित अन्य कई मांगों को लेकर उत्तराखण्ड राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के बैनर तले कलैक्ट्रेट परिसर में धरना दिया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते वक्ताओं ने कहा कि आंगन वाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी न्ययोचित मांगों को लेकर पिछले काफी समय से आन्दोलन किया जा रहा है। लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों (शेष पृष्ठ सात पर)



# घर और मंदिर में चोरों का धावा, नगदी और जेवर उड़ाये

रुद्रपुर। ग्राम दानपुर में चोरी ने घर और मंदिर से नगदी और जेवर पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विमला नेगी पत्नी देवेन्द्र नेगी ने पुलिस को शिकायत दी कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का मुख्य गेट तोड़कर प्रवेश किया और घर में रखे जेवरात तथा नगदी चुरा ली। विमला देवी के अनुसार चोरी गए सामान में एक सोने का पहाड़ी मंगल सूत्र और एक तिलहरी ( ढाई तोला) शामिल है। इसके अलावा घर से लगभग 100 मीटर दूर स्थित श्री दुर्गा मंदिर का चैनल गेट तोड़कर मंदिर में रखी दान पेटी का सारा पैसा भी चोर ले गए। मंदिर की दान पेटी में पिछले दो साल से कोई राशि नहीं निकाली गई थी। घटना के समय प्रार्थिनी और उनके परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि चोरी के दौरान चोर सीसीटीवी कैमरों में दिखाई दिए, हालांकि उनके चेहरे स्पष्ट नहीं दिखाई दे रहे हैं। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने प्रार्थिनी की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने चोरी की जगह का मुआयना कर सुराग जुटाने का काम शुरू कर दिया है।

# चोरी हुआ पिकप बरामद, एक गिरफ्तार

किच्छा। पुल भट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 सितंबर को सिरौली में एक घर के बाहर से चोरी की गई पिकअप संख्या यूके 01 सीए 0 420 पुलभट्टा पुलिस ने शहदौरा के जंगल से बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरा फरार है। उप निरीक्षक धीरज वर्मा ने बताया कि 25 सितंबर 2025 को सिरौली निवासी फीरासत थाना कोलकाता में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके घर के पास से खड़ी उसकी पिकअप गाड़ी गायब है पुलिस ने शिकायत पर गाड़ी चोरी की तहरीर दर्ज कर ली तथा गाड़ी की तलाशी प्रारंभ कर दी। गति दिवस पुलिस को सूचना मिली कि सिरौली से चोरी की गई गाड़ी शहदौरा के जंगल में रखी गई है तथा गाड़ी चुराने वाले गाड़ी को बेचने की कोशिश में है। पुलिस द्वारा सूचना पर छापा मारा तो मौके पर दो लोग गाड़ी में दिखाई दिए पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर दोनों को पकड़ने का प्रयास किया तो एक व्यक्ति फरार हो गया जबकि दूसरा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिसने पूछताछ में बताया कि उसका नाम राशिद उर्फ शेर पुत्र इब्राहिम निवासी सी सिरौली (शेष पृष्ठ सात पर)



# दिनदहाड़े युवक से मोबाइल लूटा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। मुखर्जी नगर क्षेत्र में दिनदहाड़े मोबाइल लूट की वारदात हुई। अजय ढाली पुत्र कृष्णा ढाली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि कि वह सुबह लगभग 8 बजे पैदल अपने आवास की ओर जा रहे थे। इस दौरान गगन ज्योति बारात घर से गुरुध्द्वारे तक जाते समय पीछे से तीन अज्ञात लोग बिना नंबर प्लेट वाली बाइक पर आए और उनका मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि उसने मोबाइल को बचाने के लिए पीछा किया, लेकिन बदमाशों ने बाइक पूरी गति से भागने की कोशिश( शेष पृष्ठ सात पर)

# बिहार में ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा एनडीए को प्राप्त हुई प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी भाजपा संभाग कार्यालय हल्द्वानी में मिष्ठान वितरण किया गया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं द्वारा नैनीताल लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट के नेतृत्व में ढोल नगाड़ो के मध्य पटाके जलाकर अपनी खुशी का इजहार किया गया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने भाजपा संगठन की बूथ स्तर तक की मजबूती व मोदी व नीतीश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को इस जीत को श्रेय दिया व कार्यकर्ताओं से उत्तराखण्ड विधानसभा के आगामी 2027 के चुनाव हेतु अभी से कमर कसने का आवाहन किया। सांसद अजय भट्ट जो कि विगत 02 माह से संगठन के दिशा निर्देश के तहत लगातार बिहार चुनाव में प्रवासी के तौर पर कार्य कर रहे थे ने अपने प्रवास के अनुभव साझा करते हुए बताया कि वहा क्षेत्र में प्राप्त हो रहे रुझानो से ही उनको स्पष्ट था कि बिहार में एकतरफा एनडीए की सरकार ही आएगी। बिहार के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होने कहा कि बिहारवासीयो ने जंगलराज को नकारते हुए एक बार पुनः विकास व भयमुक्त बिहार के विकल्प को चुना है।



जिलाध्यक्ष श्री बिष्ट द्वारा मिठाई खिलाकर सांसद श्री भट्ट का मुह मीठा किया गया। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बिहार जीत की बधाई दी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री तरूण बंसल, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दिनेश आर्य, दीपक मेहरा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप विष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी कौस्तुभानन्द जोशी, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, जिला महामंत्री रंजन बर्गली व विनित अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट व सुश्री प्रतिभा जोशी, जिला मंत्री प्रताप रैक्वाल बिहार चुनाव में प्रवासी के तौर पर गये दिनेश खुल्बे व श्रीमती विजयालक्ष्मी चौहान, मण्डल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, नीरज बिष्ट, पान सिंह मेवाड़ी, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा, सोशल मीडिया प्रभारी संजय पाण्डे सहित अनेको कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय, सामाजिक,शैक्षिक मुद्दों पर होगी चर्चा

देहरादून(उद संवाददाता)।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय सम्मेलन राजधानी देहरादून में होने जा रहा है। 28 से 30 नवंबर को होने वाले इस सम्मेलन की तैयारियां परेड ग्राउंड में शुरू हो गई है। एबीवीपी के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शिरकत करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विद्यार्थियों के बीच काम करने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का ये 71 वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन है। विद्यार्थी परिषद के सदस्य रहे अनेकों विद्यार्थी ,राजनीतिक क्षेत्र में शीर्ष पदों पर विराजमान है जिनमें उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के नाम भी शामिल है। इस सम्मेलन में नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर रघुराज किशोर तिवारी और पुनः महामंत्री पद पर चुने गए प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह सोलंकी सहित अन्य पदाधिकारियों को उनके अगले कार्यकाल के लिए शपथ दिलाई जाएगी। देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों में उत्तराखंड प्रांत के पदाधिकारी जुटे हुए है। प्रांत अध्यक्ष डॉ जे पी भट्ट ने बताया कि एबीवीपी देश के सबसे पुराने विद्यार्थी संगठनों में से है जिसकी स्थापना ,9 जुलाई 1949 को हुई थी। उन्होंने बताया कि देहरादून सम्मेलन में सामाजिक, शैक्षिक, और राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा सत्र रखे गए है। परिषद के प्रांत मंत्री ऋषभ रावत ने बताया कि देश भर से 02 हजार से अधिक विद्यार्थी ,शिक्षाविद इसमें प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि युवा विद्यार्थियों का ये समागम पहली बार देवभूमि उत्तराखंड में होने जा रहा है।

# एनडीए की जीत सुशासन की जीतः भट्ट

नैनीताल(उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत पर गहरी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आज का दिन बिहार की जनता, सुशासन की और भारत के लोकतंत्र-तीनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सांसद भट्ट ने कहा कि एनडीए द्वारा हासिल की गई यह ऐतिहासिक, अभूतपूर्व और निर्णायक विजय केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, विकास आधारित राजनीति और स्थिर नेतृत्व की स्पष्ट पुष्टि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास की नीति और राष्ट्रहित के प्रति उनके अटूट संकल्प ने इस जीत की नींव रखी है। वहीं गृहमंत्री माननीय अमित शाह जी की रणनीतिक समझ, संगठन क्षमता और चुनावी प्रबंधन की दक्षता ने इसे नई दिशा दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष



माननीय जे.पी. नड्डा जी के संगठनात्मक कौशल, कार्यकर्ताओं तक सीधी पहुँच और बूथ स्तर पर मजबूत संरचना भी इस परिणाम की महत्वपूर्ण वजह रही। साथ ही बिहार के लोकप्रिय नेता श्री नीतीश कुमार जी का सुशासन मॉडल, प्रशासनिक अनुभव और जनता के प्रति समर्पण ने इस जीत को और अधिक मजबूती प्रदान की। सांसद भट्ट ने कहा कि करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत और बिहार की जागरूक जनता के विश्वास ने इस ऐतिहासिक परिणाम को जन्म दिया है। जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बिहार विकास चाहता है, स्थिर व सक्षम नेतृत्व चाहता है, और सुशासन की राह पर आगे बढ़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि एनडीए की नई सरकार युवाओं को रोजगार, किसानों को आधुनिक सुविधाएँ, महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, तथा स्वास्थ्यख्शिक्षाख्बुनियादी ढांचे में तेज सुधार के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगी। लक्ष्य है अंत में सांसद भट्ट ने एनडीए के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और विशेष रूप से बिहार की सम्मानित जनता के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विजय लोकतंत्र की शक्ति और जनता के अटूट विश्वास की जीत है।

# हरिद्वार जिले में एक और अवैध मजार ध्वस्त

हरिद्वार(उद संवाददाता)। जिले की लक्सर तहसील में सुल्तानपुर के पास गांव नेहादपुर सुठारी धामी सरकार ने बड़ा एक्शन लेते हुए ग्राम समाज की जमीन पर बनी अवैध मजार ध्वस्त कर दिया।सरकारी भूमि पर बनी इस अवैध संरचना को दो सप्ताह पूर्व नोटिस दिया गया था। जानकारी के मुताबिक एसडीएम सौरभ अस्वल की मौजूदगी में प्रशासनिक टीम और भारी पुलिस फोर्स तैनात कर ये कारवाई की गई और पहले पूरे क्षेत्र को किया गया भारी संख्या में सुरक्षा बल के जवानों द्वारा सील किया । उल्लेखनीय है कि सनातन जिले माने जाते हरिद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर इस तरह की अवैध मजारे बना कर अवैध कब्जे किए जाने के मामले प्रशासनिक सर्वे में सामने आए थे । आज तड़के मजार को प्रशासन की टीम ने मौके पर बुलडोजर चलाकर पूरी तरह ध्वस्त किया। डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि अवैध कब्जे पर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है जिसका अनुपालन कराया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि दो सप्ताह पूर्व उक्त संरचना



के वैध दस्तावेजों के बारे में खादिम को नोटिस दिया गया था,उनके द्वारा कोई भूमि दस्तावेज नहीं दिखाए जाने पर आज कार्रवाई की गई है ,कार्रवाई के दौरान किसी भी विवाद से बचने के लिए पुलिस ने पूरे इलाके में कड़ा पहरा लगाया गया। सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जों को लेकर स्पष्ट नीति है कि किसी भी सूरत में अवैध मजार अवैध निर्माण अवैध कब्जे बर्दाश्त नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार अभी तक 9500 एकड़ सरकारी जमीन अवैध कब्जा मुक्त करवा चुकी है साथ ही 560 से अधिक अवैध मजारों को भी ध्वस्त कर चुकी है।

# विस्थापन के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया

नैनीताल। गत मानसून में तहसील नैनीताल के ग्राम बजोंन में भूस्खलन से प्रभावित तीन ग्रामीण परिवारों के घरों को खतरा होने के कारण इन्हें अस्थायी रूप से अन्यत्र रखा गया था। अब जिला प्रशासन ने इन परिवारों के स्थाई विस्थापन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जिला अधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, श्री शैलेंद्र नेगी के नेतृत्व में जिला स्तरीय सत्यापन टीम ने ग्राम बजोंन में चयनित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य प्रभावित परिवारों के लिए सुरक्षित और स्थायी आवास सुनिश्चित करना था। स्थलीय निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ प्रभावित परिवार के सदस्य भी



मौजूद रहे। टीम ने प्रभावित परिवारों से भूमि संबंधी उनकी पसंद-नापसंद का भी अभिप्राय लिया। सभी परिवारों ने प्रशासन द्वारा चयनित भूमि को स्वीकार्य बताया। अपर जिलाधिकारी श्री नेगी ने बताया कि चयनित भूमि संबंधी रिपोर्ट शीघ्र ही तैयार कर जिलाधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी। निरीक्षण में उपजिला अधिकारी नैनीताल नवाजिश खलिक, कालाढूंगी से बीसी पंत, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश कुमार, सिंचाई विभाग के डीके सिंह, भूवैज्ञानिक कामिनी सहित राजस्व टीम, ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। इस कदम से प्रभावित परिवारों के स्थाई आवास की दिशा में प्रशासन की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है, जो उनकी सुरक्षा और भविष्य की स्थिरता सुनिश्चित करेगी।

# पंडित जवाहर नेहरु की जयंती धूमधाम से मनाई

किच्छा (उद संवाददाता)। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष में समस्त कांग्रेसजनों ने किच्छा विधायक तिलक राज बेहड के नेतृत्व में एकत्रित होकर आवास विकास स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । इस मौके पर किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा हमारे देश के नव-निर्माण और विकास तथा भारतीय राजनीति में पंडित जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता,जवाहर लाल नेहरू जी के नेतृत्व में भारत देश ने तरक्की के नए आयाम स्थापित किए थे,कूटनीतिक और राजनीतिक मसलो में देश को मजबूती प्रदान की ।विधायक तिलकराज बेहड ने



बाल दिवस के मौके पर सभी बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी।उपस्थित सभी पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के पद चिन्हो पर चलने का प्रण किया तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू अमर रहे के नारे लगाए। इस मौके पर निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,राजेश प्रताप सिंह, ओमप्रकाश दुआ,मेजर सिंह, किच्छा छात्र संग अध्यक्ष मो0 तारिक, हरभजन सिंह,गौरव बेहड, नितिन शर्मा, हरिओंम चोहान,विक्रम कोरंगा, बलविंदर सिंह, सुनीता कश्यप,दीप हंसपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# ऊधम सिंह नगर बना स्मार्ट शिक्षा मॉडल, जिले के 124 माध्यमिक विद्यालय स्मार्ट क्लास से सुसज्जित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से डिजिटल परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है।





जनपद ऊधम सिंह नगर इस परिवर्तन का सबसे सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है, जहाँ 124 माध्यमिक विद्यालयों में अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास स्थापित की जा चुकी हैं। इन कक्षाओं में एनसीईआरटी और एससीईआरटी द्वारा अनुमोदित ई-कंटेंट के माध्यम से बच्चों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और रोचक शिक्षा उपलब्ध हो रही है। जिले के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भी स्मार्ट क्लास स्थापित करने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसमें बै संस्थानों और सहयोगी संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जो शिक्षा के डिजिटल भविष्य को मजबूती दे रहे हैं। सरकार की पहल सिर्फ तकनीक तक ही सीमित नहीं है। बदलते समय के अनुरूप शिक्षकों को भी सक्षम बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। डीआईईट के माध्यम से हर विद्यालय के शिक्षक को ई-कंटेंट आधारित शिक्षण और स्मार्ट क्लास संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग कर सकें। धामी सरकार की यह पहल केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि उत्तराखंड के भविष्य को डिजिटल, उन्नत और सक्षम बनाने की दूरदर्शी सोच का हिस्सा है। यही है नई शिक्षा का नया उत्तराखंड-जहाँ हर बच्चे तक पहुँच रही है आधुनिक शिक्षा, और हर शिक्षक बन रहा है डिजिटल रूप से दक्ष।

# जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया प.नेहरू को नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वराज आश्रम में महानगर कांग्रेस द्वारा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती और बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि नेहरू का सपना एक ऐसे भारत का था जहाँ प्रत्येक बच्चा शिक्षित, सुरक्षित और सम्मानित वातावरण में आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों को राष्ट्र की असली शक्ति मानते थे। उनके अनुसार



बच्चों का शिक्षा, संस्कार, समान अवसर और सुरक्षित वातावरण पाना किसी भी राष्ट्र की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने कहा कि बाल दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को पुनः स्मरण करने का अवसर है।कार्यक्रम में मलय बिष्ट, मोहन सिंह, हेम चंद्र पाण्डे, गोविंद बगड़वाल, राजेन्द्र उपाध्याय, अमित रावत गिरीश पांडे, बबलू बिष्ट, शाद अली, संजू उप्रेती, ताहिर अली मोहम्मद यूनुस आदि उपस्थित रहे।

# पंजीयन कार्यालय को मूल कार्यालय में शीघ्र स्थापित कराने की मांग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के पश्चात भी पंजीयन कार्यालय को मूल कार्यालय एआईजी परिसर कलेक्ट्रेट में स्थापित न किये जाने से नाराज अधिवक्ता एसोसिएशन रूद्रपुर के तमाम अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर अति शीघ्र दफ्तर को मूल दफ्तर में स्थापित कराने की मांग की। अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष विरेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि एआईजी स्टाम्प न्यायालय परिसर में प्रथम तल पर उप निबंधक कार्यालय स्थापित है, वर्तमान में जिले में सभी पंजीयन कार्यालयों की बिल्डिंग की मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य चल रहा है जिसके चलते 01 जुलाई 2024 को कुछ माह के लिए पंजीकरण कार्यालय को किच्छा बाईपास रोड स्थित जर्जर सूचना भवन की बिल्डिंग में संचालित करने के लिए ले जाया गया था, जिसे आज डेड़ वर्ष से भी अधिक का समय हो चुका है तथा मूल कार्यालय की मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य भी कई माह पूर्व पूर्ण हो चुका है, बावजूद इसके मूल दफ्तर में स्थापित नहीं किया जा रहा है, जिस कारण अधिवक्ताओं व पक्षकारों को परेशानी हो रही है, क्योंकि अधिवक्ताओं के चौंबर एआईजी न्यायालय कलेक्ट्रेट में मूल पंजीयन कार्यालय में है, तहसील भी कलेक्ट्रेट



में है जबकि खतौनी तहसील से ही प्राप्त होती है और पंजीयन से संबंधित दस्तावेजों को अधिवक्ता तैयार करते हैं उसके बाद पक्षकारों को लगभग 03 किलो मीटर की दूरी तय करके वर्तमान में संचालित कार्यालय किच्छा बाईपास रोड जाना होता है, भारी जाम का सामना करना पड़ता है, कई बार लेखन में कुछ त्रुटि रहे जाने के कारण पुन: 03 किलो मीटर दूर चैंबरों में सही करने आना होता है, मार्ग में अत्यधिक जाम होने के कारण दुर्घटना का भी भय बना रहता है साथ ही समय की भी बरबादी होती है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण कार्यालय में 3:30 बजे तक दस्तावेजों को प्रस्तुतिकरण का समय निर्धारित है, कार्यालय अधिक दूर होने के कारण कई बार दस्तावेजों को तैयार करके ले जाने में देरी हो जाने के कारण पक्षकारों के दस्तावेजों का पंजीकरण उस दिन नहीं हो पाता है, कुछ पक्षकार अन्य राज्य से लंबी दूरी करके आते हैं जिन्हे मजबूरन अगले कार्यदिवस का इंतजार करना पड़ता है, जिसकरण पक्षकारो के समय एवं धन दोनों की हानि होती है। इस दौरान अध्यक्ष विरेन्द्र कुशवाहा, सचिव मनीष मित्तल, एडवोकेट राजीव सक्सेना, अशोक सागर, गुरदीप सिंह, शावेज अहमद, प्रमोद मित्तल, अशोक चन्द, जगदीश सागर, शुभम पाल, महिपाल सिंह, अरूण जुनेजा, रोहित राठौर, नितिन राठौर, उदय राठौर, रोहित चन्द्र गढ़कोटी सहित अधिवक्ता मौजूद थे।

# महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पति गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)।रामनगर विकासखंड के ग्राम पटरानी में एक सप्ताह पूर्व हुई महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने उसकी दादी की तहरीर पर पति को गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार, 11 नवंबर को सुनीता देवी ने अपनी पोती प्रीति की मौत की शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि प्रीति के पति अक्षय कुमार ने उसे गला दबाकर हत्या की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की। अभियुक्त अक्षय कुमार ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसकी पत्नी पिछले चार महीने से किसी अन्य व्यक्ति के साथ रह रही थी। 6 नवंबर को वह पत्नी को वापस लाया और 9 नवंबर की रात उसे अपनी ताई के घर पटरानी ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज

सितारगंज। सड़क हादसे में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। नगर के वार्ड दस निवासी विपिन वर्मा पुत्र राम कर्ण ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी भाभी क्रांति देवी एसएम पब्लिक स्कूल में अपना काम खत्म कर वापस आ रही थी। तभी वाहन चालक ने महाराणा प्रताप चौक के पास उसकी भाभी क्रांति देवी को टक्कर मार दी। हादसे में क्रान्ति देवी की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# ग्रीन कान्हा रन का आयोजन कल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हार्टफुलनेस संस्था द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से समर्थित विश्वव्यापी कान्हा ग्रीन रन का आयोजन विगत तीन वर्षों से किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में इस वर्ष भी मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हार्टफुलनेस राज्य युवा केंद्र समन्वयक शौर्य अरोड़ा एवं ग्रीन कान्हा रन समन्वयक श्री सोमेंद्र एवं निखिल मुंजाल के नेतृत्व में हार्टफुलनेस संस्था रुद्रपुर द्वारा 'ग्रीन कान्हा रन' का आयोजन दिनांक 16 नवंबर रविवार को प्रात: 7:30 बजे मनोज सरकार स्टेडियम रुद्रपुर में किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी रुद्रपुर नितिन भदौरिया व विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक रुद्रपुर सी ए शिव अरोरा ,एस पी सिटी क्राइम मिस निहारिका तोमर, जिला क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की ,ब्लॉक प्रमुख गदरपुर श्रीमती ज्योति ग्रोवर, मनोज सरकार व अन्य गणमान्य सदस्य इस कार्यक्रम में हमारे साथ उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में यूनो मिंडा, गणेशा इकोस्फेयर व वेलनेस पार्टनर के रूप में फिटनेस-25 समेत अन्य संस्थानों का सहयोग भी रहेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों के लिए 6किमी., 3किमी. व फन रेस का आयोजन किया जाएगा। रेस के उपरांत हार्टफुलनेस जागरूकता एवं ध्यान सत्र आयोजित किया जाएगा। जिसके बाद प्रतिभागियों को नाश्ता ,ई-प्रमाण व पदक भी वितरित किए जाएंगे। आप सभी से अनुरोध है मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतु कार्यक्रम में प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# महाराजा रणजीत सिंह के जन्मदिन पर बांटी राशन सामग्री एवं वस्त्र

गदरपुर(उद संवाददाता)। न्याय प्रिय शासक और खालसा राज का विस्तार करने वाले शेरे पंजाब महाराजा रणजीत सिंह के जन्मदिन पर आर्थिक रूप से पिछड़े 28 जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री एवं सिलाई प्रशिक्षण में दक्ष 15 बालिकाओं को वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा वार्ड नंबर 10 आजाद नगर गदरपुर उधम सिंह नगर,उत्तराखंड,में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजैब सिंह धालीवाल,मुक्तिधाम समिति सचिव एवं पूर्व सभासद कृष्ण लाल बत्रा,समाजसेविका कैलाश रानी एवं सिख प्रचारक सभा के सदस्य इंद्रजोत सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया ।उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को संबोधित करते हुए अजैब सिंह धालीवाल ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह द्वारा 40 वर्ष तक पंजाब पर राज्य करते हुए अपने राज्य का विस्तार लेह, लद्दाख, अफगानिस्तान, तिब्बत और चीन तक किया गया। परंतु अंग्रेजों द्वारा धोखे से उन्हें जहर देकर मार डालने के उपरांत



उनके राज्य पर कब्जा कर लिया गया और उनके परिवार को भी धीरे-धीरे खत्म कर दिया गया ।उनकी न्याय प्रियता की यह अद्वितीय मिसाल है कि उनके द्वारा दरबार साहिब श्री अमृतसर,काशी विश्वनाथ मंदिर एवं सुनहरी मस्जिद लाहौर वर्तमान पाकिस्तान को समान रूप से सोना दान करके सौंदर्य करण करवाया गया था। कार्यक्रम आयोजक सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंघ ने बताया कि समाज भलाई कार्यों के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों के दौरान हर माह लगभग दो दर्जन जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री, सिलाई प्रशिक्षण में दक्ष 15 महिलाओं को वस्त्र तथा एक दर्जन बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान की जाती है जिसके लिए गुरुद्वारा सिंह सभा केलाखेड़ा की संगत,निशान सिंह गाबा,अमृत सिंह,जगजीत सिंह खालसा,बाबा भगवत भजन सिंह दकोहा जालंधर तथा बाबा बलजीत सिंह द्वारा निरंतर सहयोग प्रदान किया जाता है । इस मौके पर परमजीत कौर, सरस्वती,आस्था खेड़ा, परवीन, पूनम, नगमा, सिमरन, शहनाज,गुनगुन,खुशी, अलसिफा, तूबा,गुलफिजा, काजल, मीना,आलिया,तमन्ना, खुशी, आफरीन,रानी,राजबाला,अनीता कौर,जोया, ओमवती, रीना, सायरीन, खुशबू,नाजिमा, किरण, ज्योति, जनकरानी, ईशा,शांति, प्रभजोत सिंह, मनजीत सिंह आदि शामिल रहे ।

# वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम 16 को रूद्रपुर में

रूद्रपुर। वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वदेशी संकल्प विषयक प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर निगम सभागार में महापौर विकास शर्मा की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 16 नवंबर को होने वाले मुख्य आयोजन की रूपरेखा तय की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियाँ भी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई।बैठक को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा, स्वाभिमान और स्वदेशी चेतना का प्रतीक है। इसके 150 वर्ष पूर्ण होना देशवासियों के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन द्वारा पूरे प्रदेश में इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों में स्वदेशी संकल्प को मजबूत करना है।महापौर ने बताया कि 16 नवंबर को नगर निगम सभागार में होने वाला यह




कार्यक्रम ऐतिहासिक महत्व का होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन भी कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। महापौर ने कहा कि कार्यक्रम को सफल और प्रेरणादायी बनाने के लिए सभी जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को अपनी भूमिका पूरी निष्ठा से निभानी होगी।उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित यह श्रृंखला देश के स्वतंत्रता इतिहास, स्वदेशी आंदोलन और राष्ट्रनिष्ठा की भावना को नई पीढ़ी में संप्रेषित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, विचार गोष्ठी और स्वदेशी संकल्प विषय पर प्रेरक उद्बोधन भी शामिल रहेंगे। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समन्वय पूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया।बैठक में जिला महामंत्री तरुण गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष शालिनी बोरा, जिला मंत्री गजेंद्र प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, कार्यालय प्रभारी मोर सिंह यादव, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, जिला सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गहलोत, जिला आईटी संयोजक जायसवाल, भगत सिंह मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, महामंत्री पारस चुग तथा पार्षद संघ अध्यक्ष राजेश जग्गा आदि उपस्थित रहे।

# श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज में एल्युमिनी मीट का भव्य आयोजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज में एल्युमिनी मीट 2025 बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। यह विशेष आयोजन महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया, जिसमें कॉलेज से स्नातक होकर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता भटनागर ने किया। अपने संबोधन में



प्राचार्या ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्था की असली पहचान होते हैं। उनकी सफलता ही महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाती है।कार्यक्रम में शाहिब खान, प्रशांत, अमित साहनी, अमित रस्तोगी, प्रियंका गुप्ता, इमरोज फातिमा, मोहिनी, अर्जुन कांडपाल, स्नेहा और मेघा सहित अन्य पूर्व विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज से मिली शिक्षा और संस्कारों ने उनके जीवन और करियर को दिशा दी। अनेक पूर्व छात्र आज सरकारी सेवाओं, शिक्षा, व्यवसाय, बैंकिंग, इंजीनियरिंग, वकालत और सामाजिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती असमीत कौर सेठी और डॉ. नवनीत कौर ने किया। आयोजन समिति की ओर से सभी पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर कॉलेज परिवार ने सभी ।सनउदप डमउइमते का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समन्वयक गौरव मिश्रा, असमीत कौर सेठी और डॉ. नवनीत कौर रहे। इस अवसर पर मलकीत सिंह, संजय कुमार, आनंद राम, प्रिया गुप्ता, संदीप त्रिपाठी, डॉ. रूपाली सक्सेना, डॉ. नाजिया बानो, डॉ. फरजीन, डॉ. मीनाक्षी, श्रीमती शीतल, तरूण कुमार, प्रकाश अधिकारी, कु. प्रियंका, श्रीमती सुरभी गौड़, उमेश राणा,अदिति, श्रीमती सर्वजीत कौर,अनुज हालदार, श्रीमती भावना, राधेश्याम, दुर्गेश कुमार, परमानन्द, श्रीमती गंगा, श्रीमती कमला और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# बिहार की जनता ने विकास और सुशासन को दिया समर्थन: चंदौला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. केसी चंदौला ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत



पर गहरा हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक विजय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किए गए विकास कार्यों का परिणाम बताया। डॉ. चंदौला ने कहा कि बिहार की जनता ने इस चुनाव में स्पष्ट संदेश दिया है कि वे विकास, पारदर्शिता और जनहित के कामों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा यह जीत केवल बिहार के मतदाताओं की दूरदर्शी सोच का परिणाम नहीं है, बल्कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, सुशासन और क्षेत्रीय विकास के प्रयासों को मान्यता देने के समान है। डॉ. चंदौला ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने देश और राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, रोजगार और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। यही कारण है कि जनता ने इस बार भी एनडीए को पूर्ण समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का भरोसा जताया है और यह विजय देश के लोकतंत्र और संघीय ढांचे की मजबूती का भी प्रतीक है। भाजपा नेता ने उम्मीद जताई कि यह सफलता केवल बिहार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अन्य राज्यों में भी विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश और केंद्र स्तर पर इसी तरह जनता के हितों को सर्वोपरि रखकर काम करेगी और आगामी चुनावों में भी जनता का विश्वास बनाए रखेगी। डॉ. चंदौला ने कहा कि बिहार में मिली इस प्रचंड जीत ने भाजपा और एनडीए गठबंधन को नए उत्साह और ऊर्जा से भर दिया है, जिससे आगामी समय में जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं को और तेजी से लागू किया जा सकेगा।

# गौचर मेले जैसे आयोजन आर्थिकी को सशक्त बनाने में सहायक : सीएम

## गौचर में पिथौरागढ़ की तर्ज पर 18-सीटर हेलीसेवा प्रारम्भ किये जाने की मुख्यमंत्री ने की घोषणा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को 73वाँ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले का उद्घाटन किया। गौचर मेले में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेला उत्तराखंड के प्रमुख मेलों में से एक है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने का प्रभावी माध्यम होने के साथ-साथ स्थानीय आर्थिकी को भी सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां एक ओर हमारी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जा रहा है,वहीं लोकल फॉर वोकल, मेड इन इंडिया जैसी योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रदेश में कई योजनाओं और नीतियों को सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिससे राज्य का चहुमुखी विकास सुनिश्चित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा आज तमाम परेशानियों और चुनौतियों के बाद भी हमारी मातृशक्ति द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पाद बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भी पीछे छोड़ रही है। उन्होंने आमजन से स्वदेशी अपनाने की अपील करते हुए कहा यदि हम स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देंगे तो हमारा यह कदम आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा हमारी सरकार के प्रयासों से आज उत्तराखंड फिल्म शूटिंग का बेस्ट डेस्टिनेशन बन रहा है। अब उत्तराखंड तेजी से वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने गौचर में पिथौरागढ़ की तर्ज पर 18-सीटर हेलीसेवा प्रारम्भ किये जाने, नगर क्षेत्र के चार प्रमुख स्थलों पर पार्किंग सुविधाओं का विकास किये जाने और साकेत नगर - रघुनाथ मंदिर - चटवापीपल मोटर मार्ग निर्माण की घोषणा की। उन्होंने बताया की गौचर में स्टेडियम निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है शीघ्र ही इसका कार्य शुरू करवाया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ पत्रकार श्री हरीश मैखुरी को गोविन्द प्रसाद नौटियाल पत्रकार सम्मान और शिक्षा के क्षेत्र में वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ. नन्द किशोर हटवाल को पंडित महेशानंद नौटियाल शिक्षा और साहित्य प्रसार सम्मान से सम्मानित किया।क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल एवं मेला उपाध्यक्ष संदीप नेगी ने गौचर मेले का शुभारंभ करने पर मुख्यमंत्री का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया और मुख्यमंत्री को क्षेत्र की समस्या से अवगत कराते हुए समस्याओं के निदान के लिए मांग पत्र भी सौंपा। प्रसिद्ध गौचर मेले में पहले दिन ईष्ट रावल देवता की पूजा के बाद प्रात: स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। मेलाध्यक्ष द्वारा झंडारोहण कर मार्चपास की सलामी ली गई। गौचर मेला मुख्य द्वार से चटवापीपल पुल तक एवं वापसी उसी रूट से होते हुये मुख्य मेला द्वार तक क्रास कण्ट्री दौड़ का आयोजन किया गया। खेल मैदान में बालक एवं बालिकाओं की दौड़, नेहरू चित्रकला प्रतियोगिता, शिशु प्रदर्शनी और शिक्षण संस्थाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या पर रात्रि को डॉ. पम्मी नवल लोक गायिका द्वारा जागर संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। गौचर मेले में पारंपरिक पहाड़ी संस्कृति से सजा पांडाल मेलार्थियों के बीच खासे आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इस अवसर पर थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी, राज्य मंत्री हरक सिंह नेगी, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण खत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल बर्तवाल, महामंत्री अरुण मैठाणी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रहे।










# बाल दिवस पर 168 बच्चों को वितरित की पोषण किट

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बाल दिवस के अवसर पर शहीद उधम सिंह सभागार, विकास भवन रुद्रपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट द्वारा टाटा मोटर्स लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम आरोग्य प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुपोषण से मुक्ति हेतु पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने उपस्थित बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी व्योमा जैन ने अभिभावकों और टाटा मोटर्स के प्रतिनिधियों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 और पॉक्सो कानून की जानकारी दी। बल रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक छाबड़ा ने गर्भावस्था से लेकर 18 वर्ष तक बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल, पहले छह माह तक स्तनपान के महत्व तथा नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। टाटा मोटर्स से आए दीपक जैन ने प्रेरक कहानी के माध्यम से बच्चों को मजबूत बनाने और संघर्ष से आगे बढ़ने की सीख दी। आईएसडी की परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी ने NFHS-5 के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया कि 22 प्रतिशत बच्चे कम वजन के और 23 प्रतिशत बच्चे नाटेपन की समस्या से जूझ रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि 7 से 23 माह की आयु के केवल 2 प्रतिशत स्तनपान कराने वाले और 3 प्रतिशत स्तनपान न कराने वाले बच्चों को ही पर्याप्त भोजन मिल पाता है। उन्होंने कहा कि कुपोषण की इस चिंताजनक स्थिति को देखते हुए पोषण किट वितरण का उद्देश्य बच्चों को संतुलित भोजन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में कुल 168 बच्चों को पोषण किट प्रदान की गई, जिसमें 1.5 लीटर का कुकर, मूंग दाल खिचड़ी, किशमिश और हाथ धोने का साबुन शामिल था। बिंदुवासिनी ने अभिभावकों से अपील की कि पैकेट वाले स्नैक्स की जगह घर का बना ताजा और पौष्टिक भोजन दें, जिससे बच्चों के कुपोषण को दूर कर देश के भविष्य की मजबूत नींव रखी जा सके। इस अवसर पर अल्पसंख्यक अधिकारी नंदिनी, सुपरवाइजर सुधा शर्मा, दीपिका, आशा जोशी, आंचल सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। टाटा मोटर्स से वॉलंटियर टीम के सदस्य अभिषेक त्रिपाठी, अमन प्रताप, नेहा तथा आईएसडी से रविन्द्र, नीरज, बिंद्रा तिवारी, संगीता आदि भी कार्यक्रम में शामिल रहे।





# चंद्रावती पबिल्क स्कूल में धूमधाम से मना बाल दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में पंडित जवाहर लाल नेहरु ने देश को बुलंदियों पर ले जाने का काम किया था, उनकी विकास परक सोच का ही नतीजा था की भारत बड़े देशों की श्रेणि में शुमार कर गया, आज हमे उनके बताये मार्ग पर चल कर देश को मजबूती प्रदान करनी है स श्रीमती शर्मा महानगर कांग्रेस की नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती ममता रानी के साथ शक्ति विहार कॉलोनी स्थित सी डी पी एस चंद्रावती देवी पब्लिक स्कूल में



मुख्य अतिथि के रूप में नेहरू जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्य क्रम को संबोधित कर रही थी ।इस से पूर्व यहाँ पहुँचने पर स्कूल प्रबंधको ने श्रीमती शर्मा और श्रीमती ममता रानी का फूल मालायें पहनाकर और शॉल ओडाकर भव्य स्वागत किया स इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सी पी शर्मा, कांग्रेस के बरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, उमा सरकार, बेबी सिकदर, दीपक शर्मा, अरविंद सक्सेना, सहित स्कूल के प्रधानाचार्या, समस्त अध्यापक, अध्यापिकायें और बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# रक्तदान शिविर में दर्जनों ने लोगों ने किया रक्दान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद, शहीद ऊधम सिंह शाखा द्वारा मेडिसिटी हॉस्पिटल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 43 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। विशेष रूप से युवा सदस्य आयुष गर्ग ने ओ पॉजिटिव प्लेटलेट्स की तत्काल आवश्यकता के मद्देनजर एक यूनिट एसडीपी भी दान किया। शिविर का शुभारंभ शाखा के सदस्यों ने डॉक्टर दीपक छाबड़ा एवं डॉक्टर अंजू छाबड़ा के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष विनय बंसल, सचिव निखिल कालरा, कोषाध्यक्ष डॉ. सुरेश छाबड़ा, महिला सहभागिता संयोजक शिखा हुड़िया, मनीषा गोयल, नितिन भल्ला, सेवा संयोजक अमित जिंदल, रक्तदान संयोजक संदीप गुगलानी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# शांति मेहरा का महिलाओं ने किया जोरदार स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष शांति मेहरा का यहां आवास विकास स्थित एक आयुर्वेदिक संस्थान में नगर मंडल महिला भाजपा कमेटी एवं जिला स्तर के पदाधिकारी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला संगठन की तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बिहार में भाजपा की सरकार बनने पर मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा ने कहा कि किच्छा नगर का उनका यह दौरा यहां की भाजपा नगर मंडल एवं जिला स्तर के पदाधिकारी द्वारा विशेष आग्रह पर किया गया है उन्हें एक विशेष बैठक में रुद्रपुर जाना है परिषद के कार्यशाला में भाग लेंगे उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है तथा भारत की जनता ने यह तय कर लिया है कि देश की उन्नति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ही नेतृत्व में प्रत्येक राज्य में सरकारों का गठन किया जाए ताकि राज्यों के विकास के साथ-साथ देश का भी विकास होगा उन्होंने कहा कि हाला की इस समय सभी राजनीतिक दल राज्य में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग रहे हैं किंतु उनका यह द्वारा चुनाव ही संबंध में नहीं है वह परिषद की कार्य शैली को बढ़ाने के लिए एवं नागरिकों के अनुभवों को साझा करने के लिए जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव जीतने के बाद भाजपा कार्यकर्ता में नया जोश आया है तथा अगले वर्ष होने वाले चुनाव के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं जिस तरह से बिहार में भाजपा गठबंधन द्वारा पुन: सरकार स्थापित की है आने वाले अन्य राज्यों के चुनाव में भी भाजपा ही हर जगह अपनी सरकार बनाएगी तथा देश को उन्नति के रास्ते पर ले जाएगी उन्होंने उपस्थित सभी संगठन की महिलाओं का उनका स्वागत करने पर आभार व्यक्त किया तथा यह भी दिशा निर्देश दिए हैं कि भाजपा में कोई भी पद किसी भी व्यक्ति को स्थाई तौर पर उपलब्ध नहीं कराया जाता है समय अनुसार हर व्यक्ति को कार्य करने के लिए मौका प्रदान किया जाता है उन्होंने सभी उपस्थित पार्टी कार्यकर्ता महिलाओं से आवान किया है कि वह भी लगातार पार्टी की सेवा करते रहे तथा उन्हें भी उनकी सेवा का फल अवश्य पार्टी द्वारा दिया जाएगा इस अवसर पर मुख्य रूप से जानकी तिवारी, पूनम अग्रवाल, रेणुका चौधरी, डॉक्टर संगीता शर्मा, प्रतिभा रघुवंशी, दया डसीला, प्रेमलता चौहान, शैली शुक्ला ,कंचन शर्मा, मीरा तिवारी आरती दुबे मधु गुप्ता, ज्योति जड़िया, अंजनी सोनी, वरुण तिवारी, शैली फुटेला, विमला मुंडला साहित्य दर्जनों महिलाएं उपस्थित रही।



# बिहार में एनडीए की शानदार जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न



रुद्रपुर/किच्छा। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए बीजेपी की अब तक की सबसे प्रचण्ड विजय के अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर पार्टी कार्यकताओ संग आतिशबाजी व मिष्ठान वितरण कर इस ऐतिहासिक विजय पर खुशी का इजहार किया।इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्मायी नेतृत्व व बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार की जनप्रिय नीति कुशल शासन पर भरोसा करते हुऐ बिहार की जनता ने यह जनादेश दिया है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में स्वयं मुजफ्फरपुर जिले की औरई विधानसभा सीट पर प्रभारी बनकर गये थे जो काफी कठिन सीट मानी जा रही थी मगर कुशल प्रबंधन व सूझ बुझ के चलते औरई सीट भी भाजपा प्रत्याशी रमा निषाद ऐतिहासिक मतो के अंतर से जीत हुई है। विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से औरई के देवतुल्य कार्यकताओं के कठिन मेहनत व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेतृत्व क्षमता की ताकत के चलते यह विजय हासिल हुई है। उन्होंने कहा बिहार की जीत बताती है जनता के दिल में सिर्फ मोदी भाजपा बसती है उन्होंने सारे मिथक तोड़ने हुऐ विपक्ष की झूठ की राजनीति को मुँह तोड़ जवाब दिया है वही आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव में देवभूमि की जनता भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद व विश्वास व्यक्त कर तीसरी बार उत्तराखंड में कमल खिलाने का कार्य करेगी ऐसा विश्वास है। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, वेद ठुकराल, उपेंद्र चौधरी,गुरबाज सिंह राजेश बजाज,रोशन अरोरा, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, धीरेश गुप्ता, जगदीश विश्वास, राजकुमार साह, हिमांशु शुक्ला, गजेंद्र प्रजापति, मोर सिंह, पार्षद पवन राणा, राजेंद्र राठौर, कैलाश राठौर, मुकेश रस्तोगी, राधेश शर्मा, पिंटू पाल, महेश कोली, चन्द्रसेन चंदा, शंकर विश्वास, विष्णु सिंह, सतनाम सिंह, मनोज मदान, अनमोल विर्क, मयंक कक्कड़, भोला सिंह राजीव शुक्ला, आयुष चिलाना, कमल पाल, महेंद्र आर्य, राज कोली, सुनील यादव, ममता जीना, महेंद्री शर्मा, शंकर विश्वास, विजय डे, रोबिन विश्वास, सोनू राठौर, जीतेन्द्र संध आदि लोग मौजूद रहे। वहीं नगर निगम परिसर में महापौर विकास शर्मा की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता झूम उठे और आतिशबाजी के बीच 'मोदी-मोदी' और 'एनडीए जिंदाबाद' के नारे देर तक गूंजते रहे। बाद में महापौर ने एक होटल में पहुंचे पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद अजय भट्ट से मुलाकात कर उन्हें बिहार में हुई जीत पर बधाई दी और मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, उनकी नीतियों और विकास की राजनीति पर भरोसा जताया है। एनडीए की यह बड़ी जीत केवल राजनीतिक विजय नहीं है, बल्कि जनता की आकांक्षाओं, उम्मीदों और स्थिर विकास की चाहत का मजबूत संदेश है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन मॉडल और जनहितैषी नीतियों पर मिले जनसमर्थन ने यह सिद्ध कर दिया है कि बिहार की जनता अराजकता और गुंडागर्दी की राजनीति को सिरे से नकार चुकी है। लोग सुरक्षा, स्थिरता और विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं, और यह चुनाव परिणाम उसी का स्पष्ट प्रमाण है।महापौर ने कहा कि एनडीए को मिला बहुमत कमजोर वर्गों-महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों और वंचितोंकृके सम्मान और उत्थान के लिए चलाए गए केंद्र व राज्य सरकार के अभियानों की स्वीकृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह जीत राष्ट्रवाद, सुरक्षा, गरीब कल्याण और विकास आधारित राजनीति की पुनर्पुष्टि है।महापौर ने कहा कि बिहार की जनता ने जातिवाद को त्यागकर विकास और सुशासन को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि जनादेश साफ संदेश देता है कि देश की जनता अब केवल काम, विकास और पारदर्शिता की राजनीति चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में जिस विकास मॉडल पर कार्य किया जा रहा है, बिहार के लोगों ने उस पर अपनी मुहर लगाई है।वहीं महापौर ने सांसद भट्ट से मुलाकात करते हुए उन्हें एनडीए की जीत पर बधाई दी। इस दौरान अजय भट्ट ने कहा कि बिहार का चुनाव परिणाम दर्शाता है कि देश की जनता अब जातिवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति को पूरी तरह ठुकरा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। बिहार की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट समर्थन दिया है और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रमजाल को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश भाजपा और एनडीए के लिए ऊर्जा बढ़ाने वाला है। जनता ने सिद्ध कर दिया है कि भारत अब केवल विकास, राष्ट्रहित और स्थायी सुशासन की राह पर ही आगे बढ़ना चाहता है।कार्यक्रम में जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष शालिनी बोरा, जिला मंत्री गजेंद्र प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, कार्यालय प्रभारी मोर सिंह यादव, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, जिला सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गहलोत, जिला आईटी संयोजक जायसवाल, भगत सिंह मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, तथा पार्षद संघ अध्यक्ष राजेश जग्गा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। **किच्छा**- दीनदयाल चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया ।बिहार में एनडीए गठबंधन की शानदार जीत तथा भारतीय जनता पार्टी के दमदार प्रदर्शन से उत्साहित किच्छा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीन दयाल उपाध्याय चौक पर जोरदार उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया की उपस्थिति में आतिशबाजी कर तथा मिष्ठान वितरण कर विजय की खुशी का इजहार किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास, सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास की मुहर लगाई है। यह जीत जनआशीर्वाद की जीत है और हम सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम का सम्मान है।" उन्होंने किच्छा के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा का जनाधार निरंतर मजबूत हो रहा है। मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया ने कहा कि बिहार में एनडीए की यह ऐतिहासिक जीत राष्ट्रवादी विचारधारा की विजय है। कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और समर्पण ने आज पूरे किच्छा में उत्साह का माहौल बना दिया है। हम सब प्रधानमंत्री मोदी जी के 'विकसित भारत' संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, क्रय विक्रय अध्यक्ष मूलचंद राठौर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कुलदीप बग्गा, किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप पुजारा, ग्राम प्रधान गफ्फार खान, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, कमलेश राठौर, विनोद कोली, महामंत्री मुकेश कोली, चंदन जायसवाल, आरती दुबे, मधु गुप्ता, संध्या झा, नितिन फुटेला, महेंद्र गुप्ता, सभासद सतीश गुप्ता, करुना तिवारी, हारुण मलिक, भोपाल सिंह रावत, नाजिम मलिक, हीरा सरकार, मुनीश सक्सेना समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ही कह रहे हैं।







## रुद्रपुर पहुंचने पर सांसद अजय भट्ट का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट के रूद्रपुर पहुंचने पर चंदोला होम्यापैथी मेडिकल कॉलेज के एमडी एवं भाजपा नेता डॉ. के.सी. चंदौला के नेतृत्व में पर्वतीय समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अजय भट्ट को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह में डॉ. चंदौला ने बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर अजय भट्ट को बधाई दी। इस दौरान अजय भट्ट ने रूद्रपुर में हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय कुमांऊनी भाषा सम्मेलन की सफलता के लिए भी चंदौला और उनकी टीम को शुभकामनाएं दीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे स्नेह और सम्मान से उन्हें हमेशा उत्साह और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने पर्वतीय समाज के योगदान और सामाजिक विकास में उनके प्रयासों की सराहना की। स्वागत समारोह में डॉ. एलएम उप्रेती, डॉ. बीएस बिष्ट, हयात सिंह रावत, भरत लाल शाह, लक्ष्मी चन्द्र पंत, आनंद सिंह धामी, हेम पंत, महेश चन्द्र जोशी, रमेश चन्द्र जोशी, महेन्द्र ठकुराठी आदि लोग उपस्थित थे।



## बाल दिवस पर कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू को किया नमन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश को नई दिशा देने का काम किया था,उन्होंने देश का प्रथम प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को नई ऊंचाइयां प्रदान की, जिसे देश कभी भुला नहीं सकेगा। इससे पूर्व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सिटी क्लब में एकत्रित हुए,जहां महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती ममता रानी, और महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सीपी शर्मा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामस्वरूप भारती की अगुवाई में देश के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा नेहरू के नाम से प्रसिद्ध पंडित जवाहरलाल नेहरू की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया । इस अवसर पर महानगर कांग्रेस की नव मनोनीत अध्यक्ष ममता रानी, संदीप चीमा, योगेश चौहान, अमन जौहरी, दीपक शर्मा, रामस्वरूप भारती, पार्षद चिराग कालड़ा, पार्षद बाबू खान, सतीश कुमार, अनिल शर्मा, सुदर्शन शर्मा, संजीव रस्तोगी, उमा सरकार, अरविंद सक्सेना,बेबी सिकदर, ज्योति टम्टा,पूर्व पार्षद सलीम खान, सोहेल खान, छत्रपाल गंगवार, देवेंद्र कुमार,दिनेश मौर्य,पूर्व पार्षद मोहन कुमार भारद्वाज, सुदर्शन शर्मा, अनुज दीक्षित, कलीम अहमद, नरेश पाल,सलीम अहमद, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## रेनबो पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना बाल दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की भाँति बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू पं जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बालमेले के रूप मे अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रुप डॉस, रोल प्ले, फैन्सी ड्रेस शो, शो योर टेलेंट्स, सेल्फी प्वाइंट, टैटू डिजाईन,नेल पेंटिग एवं स्विंग्स के साथ-साथ चारों हाउस तिलक, सुभाष, पटेल, नेहरू और नर्सरी विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल्स आकर्षण के प्रमुख केन्द्र थे। विद्यालय के प्रबन्धक संजीव मलिक ने प्रधानाचार्य संजय अग्रवाल, गीतांजलि मलिक एवं स्मिता पाठक के साथ मॉ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। शो योर टैलेंट्स मे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया एवं आकर्षक उपहार जीते। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक निहारिका शर्मा के नेतृत्व में निकिता तिवारी, सिया मेहता, साक्षी, हिना, हर्षिता, रविन्द्रर एवं संध्या ने किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता मे विभिन्न पशुओं फलो और राज्यो की वेशभूषा व चाचा नेहरू, आदि अनेक भूमिका में सजे-धजे बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर अगामी शिक्षण सत्र 2026-27 मे प्रवेश लेने के लिए अभिभावको को प्रवेश शुल्क मे 50 प्रतिशत की छूट भी दी गयी। कक्षा 11 के छात्र अर्पित कुमार को वालीवाल की राष्टीय दल मे चयन होने पर उसे सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबन्धक श्री संजीव मलिक ने उपस्थित आंगुतकों एवं विद्यार्थियो को बालदिवस की बधाई दी । प्रधानाचार्य संजयअग्रवाल ने उपस्थित जन समूह का आभार जताया। कार्यक्रम को सुनियोजित एवं अनुशासनात्मक ढंग से संपन्न करने के लिए सहयोगी शिक्षकों एवं बच्चों को शाबाशी दी।इस अवसर पर श्रीमती गीताजली मलिक सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।






## वार्षिक क्रीड़ा समारोह में नीरज सिंह और नमृता ने मारी बाजी

रूद्रपुर। श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज रुद्रपुर मे वार्षिक क्रीड़ा समारोह एवं वार्षिक मेले का उद्घाटन कोषाध्यक्ष सरदार किरन सिंह विर्क द्वारा किया गया । वार्षिक क्रीड़ा समारोह में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतकर पुरुष वर्ग में बीकॉम (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के नीरज सिंह एवं बीए द्वितीय वर्ष की नमृता मण्डल चैम्पियन रहे।कार्यक्रम का



समापन प्राचार्या डॉ. अमिता ने होनहार खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर किया एवं भविष्य में खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक उमेश सिंह राणा, संदीप त्रिपाठी प्रकाश सिंह अधिकारी, मलकीत सिंह(विभागाध्यक्ष) और तरुण कुमार एवं अन्य प्राध्यापकगण और कर्मचारीगण आदि लोग मौजूद रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अप्रत्याशित चुनावी नतीजों

बिहार में विधानसभा के लिए हुए चुनावों के नतीजे निश्चित तौर पर वहां की जनता का फैसला है, लेकिन हार-जीत के जैसे आंकड़े सामने आए, उसकी उम्मीद कम से कम वहां के विपक्षी दलों को बिल्कुल नहीं रही होगी। दो चरणों में हुए मतदान के बाद शुक्रवार को हुई मतगणना में न केवल सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को भारी जीत मिली, बल्कि ऐसा लगता है कि चुनावी मैदान में मुकाबला एकतरफा था। हालांकि प्रचार के दौरान विपक्षी महागठबंधन को जैसा समर्थन मिलता दिखा था, उससे यही लगा कि चुनावी मुकाबला एकतरफा साबित नहीं होने वाला है और राजद-कांग्रेस तथा अन्य सहयोगी दलों का महागठबंधन चुनाव में राजग को एक मजबूत चुनौती देने वाला है। मगर अब आए नतीजों से यह साफ है कि बिहार के चुनावी मैदान में मतदाताओं को आकर्षित करने और उनका मत हासिल करने के मामले में सत्ताधारी गठबंधन के सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं थी।दूसरी ओर, विपक्ष की राजनीति और विधानसभा चुनावों में जीत के लिए किए गए प्रयासों के लिहाज से देखें तो ये नतीजे उनके लिए अप्रत्याशित हैं, क्योंकि प्रचार के दौरान सभाओं और रैलियों में उन्हें लोगों का जैसा व्यापक समर्थन मिलता दिखा था, वह शायद वोट में तब्दील नहीं हो सका।सवाल है कि विपक्ष की राजनीति के महारथी जनता के बीच दिखने वाले समर्थन के बरक्स जमीनी हकीकत का अंदाजा लगाने में नाकाम क्यों हुए! माना जा रहा है कि राज्य के मतदाताओं के सामने अलग-अलग राजनीतिक दलों की ओर से जो कुछ तात्कालिक लाभ के मुद्दे सामने रखे गए, लोगों ने उसी में से चुनाव के लिए अपनी प्राथमिकता तय की। मसलन, एक ओर बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत चुनाव से ठीक पहले बड़ी संख्या में महिलाओं के खाते में तत्काल दस हजार रुपए भेजने की व्यवस्था की, तो दूसरी ओर, महागठबंधन ने हर परिवार के लिए सरकारी नौकरी सहित कई अन्य वादे किए। ऐसा लगता है कि राज्य के लोगों की राय पर भविष्य के लिए किए गए वादों के बजाय महिलाओं को तुरंत मिली आर्थिक राहत का मुद्दा ज्यादा भारी पड़ा और उसने चुनाव में मतदान के रुख को तय करने में एक प्रमुख कारक के रूप में काम किया। राजद और उसके सहयोगी दल शायद जनता को यह भरोसा दिला पाने में कामयाब नहीं हो सके कि सरकार बनने पर उनके वादे वास्तव में जमीन पर उतर सकेंगे। इसके अलावा, बिहार में इस बार मतदान का जैसा आंकड़ा सामने आया, वह भी चौंकाने वाला था। जब दोनों चरणों में लगभग सड़सठ फीसद वोट पड़े, तब स्वाभाविक रूप से ऐसे आकलन सामने आने लगे कि इतना मतदान फीसद आमतौर पर सत्ता विरोधी लहर का संकेत देते हैं। मगर अब जैसे नतीजे सामने आए हैं, उसमें ज्यादा मत पड़ने के साथ जुड़ी सत्ता विरोधी लहर की धारणा एक तरह से खारिज होती दिखी।

# शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एक काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया

रानीखेत (उद संवाददाता)। स्व. श्री जयदत्त वैला राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के हिंदी विभाग के तत्वावधान में गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एक काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे द्वारा किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी सिखों के नवे गुरु धर्म, मानवता और सत्य के महान रक्षक थे। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म एवं स्वतंत्रता की रक्षा की।



कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमिता गड़कोटी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि गुरु तेग बहादुर की शहादत हमें यह सिखाती है कि धर्म या विचार की रक्षा करना मानवता की रक्षा करना है। सत्य और न्याय की राह कठिन अवश्य है, परंतु वही अमरत्व की राह है । काव्य पाठ प्रतियोगिता में कुल आठ प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान शगुन पंत बीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर नेहा जोशी बीए प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान पर कंचन नयाल बीए प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल के रूप में डॉ.दीपा पांडे (जंतु विज्ञान ), डॉ. प्राची जोशी ने अपने विवेक और अनुभव से इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभाग की प्राध्यापक डॉ. कुसुम लता ने सभी का आभार व्यक्त किया, उन्होंने आवाहन किया कि हम सभी यह प्रण लें , कि हम सत्य और न्याय की रक्षा करेंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

# टिफिन में अशुद्ध बासी व सड़े-गले भोजन की भरमार

काशीपुर। खाद्य विभाग के अधिकारियों की गलत नीतियों के कारण यहां संगठनात्मक जनपद काशीपुर में खाद्य पदार्थों के कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले बुलंद है। मिलावटी नकली एवं सड़े गले खाद्य पदार्थों के कारण जहां एक गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है वहीं दूसरी ओर विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सीधे उंगलियां उठ रही है। जानकारी के मुताबिक काशीपुर क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से कुछ तथा कथित लोग लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हुए कथित तौर पर टिफिन सर्विस से जुड़े हुए हैं। इनके द्वारा जो खाना लोगों को मनमाना रेट पर दिया जा रहा है इससे लोगों के स्वास्थ्य को बड़ा खतरा पैदा हो गया है। काशीपुर में टिफिन सर्विस सेवा के कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति के पास खाद्य विभाग अथवा नगर निगम का लाइसेंस नहीं है। मोहल्ला शिवनगर में पिछले कई वर्षों से अग्रवाल टिफिन सर्विस के नाम से टिफिन के कारोबार से जुड़े दम्पति बगैर लाइसेंस डंके की चोट पर टिफिन के रूप में भोजन घर-घर बेचकर



विभागीय अधिकारियों की खुले आम खिल्ली उड़ा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि टिफिन सर्विस से जुड़े दंपति दूसरों के घरों से आए बासी खाने को भी टिफिन में पैक कर अमुख लोगों को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार जसपुर काशीपुर बाजपुर केलाखेड़ा को मिलाकर टिफिन कारोबारियों की तादात दर्जनों में है। जानकार बताते हैं कि इसमें से कुछ के पास खाद्य विभाग से निर्गत किए गए लाइसेंस है।घ कुछ ऐसे हैं जिनके लाइसेंस की अवधि समाप्त हो गई है लेकिन तमाम ऐसे हैं जिनके पास लाइसेंस के नाम पर कुछ नहीं है। ऐसे लोगों की गतिविधियों को लेकर आम लोगों के बीच दबी जबान चर्चा है कि खाद्य विभाग के अधिकारियों से उनकी सांठ-गांठ है। ऐसे ही काशीपुर में पटेल नगर जसपुर खुर्द तथा मुख्य चौराहे पर नामी गिरामी मिष्ठान की दुकानों पर भी नकली एवं मिलावटी मिठाइयों का गैर कानूनी कारोबार विभाग के अधिकारियों की शह पर खुब फल-फूल रहा है। सूत्रों का कहना है कि मिष्ठान के बड़े कारोबारियों से साहब का हफ्ता फिक्स है। इसी तरह काशीपुर में सफेद जहर के रूप में नकली पनीर मावा व दूध का बड़े पैमाने पर कारोबार जड़ जमा चुका है।

## टिफिन सर्विस सेवा के लिए लाइसेंस अनिवार्य : फुलारा

काशीपुर। जिला खाद्य अभिहीत अधिकारी पी सी फुलारा से इस बारे में मोबाइल फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि टिफिन सर्विस से जुड़े लोगों के लिए लाइसेंस अनिवार्य है। यदि विभाग में बगैर पंजीकरण के कोई भी व्यक्ति अनधिकृत तरीके से टिफिन सर्विस सेवा में लिप्त है तो इसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि लाइसेंस के साथ ही विभाग के मानकों (किचन की साफ सफाई, हाइजीनिक तरीके से खाना आदि) का अनुपालन भी आवश्यक है। श्री फुलारा ने यह भी बताया कि उनके लगभग दो वर्षों के कार्यकाल में जिले भर में किसी भी टिफिन सर्विस संचालक के खिलाफ कोई जांच पड़ताल अथवा कार्यवाही नहीं की गई है। श्री फुलारा का यह पक्ष बेहद गंभीर है। वह पिछले लंबे समय से जनपद उधम सिंह नगर में टिके हैं। जानकारी के मुताबिक नगर क्षेत्र में यदि कोई टिफिन सर्विस सेवा के कारोबार से जुड़ा है तो इसके लिए नगर निगम से भी पंजीकरण आवश्यक होता है।

# बाल दिवस पर राजभवन में "अमृत पीढ़ी संवाद"



देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बाल दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित ''अमृत पीढ़ी संवाद'' कार्यक्रम में बच्चों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे हमेशा बडे सपने देखें और कठोर परिश्रम के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी हमारे राष्ट्र की आशा, आकांक्षा और ऊर्जा के प्रतीक हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह दिन उनके लिए अत्यंत आनंद और गर्व का है, क्योंकि वे उस पीढ़ी से संवाद कर रहे हैं जो अमृत काल में विकसित भारत के निर्माण की धुरी बनेगी। उन्होंने कहा कि आपके सपनों, आपके परिश्रम और आपके संस्कारों पर ही भारत का भविष्य आधारित है।राज्यपाल ने बच्चों को शिक्षा, नवाचार, रचनात्मकता और तकनीक की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज का समय विज्ञान, एआई और डिजिटल तकनीक का युग है, इसलिए बच्चों को अभी से ही नई तकनीकों को सीखकर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि छोटी उम्र में भी बड़े कार्य किए जा सकते हैं। रानी लक्ष्मीबाई और चंद्रशेखर आजाद जैसे वीरों का साहस तथा आज के युवा वैज्ञानिकों और खिलाड़ियों की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि युवाओं में अद्भुत क्षमता होती है। उन्होंने सभी बच्चों को उज्ज्वल और सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# चाणक्य लॉ कॉलेज ने लगातार दूसरे वर्ष बरकरार रखी जस्टिस के सी धूलिया ट्रॉफी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आठ प्रमुख लॉ कॉलेजों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता में रुद्रपुर का चाणक्य लॉ कॉलेज ने लगातार दूसरे वर्ष जस्टिस केशव चंद्र धूलिया ट्रॉफी जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। इसके अतिरिक्त, सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार भी चाणक्य कॉलेज के छात्र अर्जुन प्रताप सिंह को दिया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन दून पुस्तकालय एवं अनुसंधान केंद्र में कर्मभूमि फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखंड की पूर्व मुख्य सचिव श्रीमती इंदु पांडे ने की। इस बार प्रतियोगिता का विषय था 'मजबूत राज्य, मजबूत राष्ट्र बनाते हैं', जिस पर प्रतिभागियों ने विचारपूर्ण वाद-विवाद प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन (भारतीय नौसेना) हिमांशु धूलिया ने किया। निर्णायक मंडल में नैनीताल के ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार, उत्तराखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री बी.पी. नौटियाल, और दून स्कूल की विधि व्याख्याता श्रीमती अनुराधा सिंह शामिल थे। कॉलेज की इस शानदार उपलब्धि पर चेयरमैन एस.पी. सिंह और मैनेजिंग डायरेक्टर रविन्द्र सिंह बिष्ट ने हर्ष व्यक्त किया। श्री बिष्ट ने कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज की जाएगी। प्राचार्य डॉ. दीपाक्षी जोशी ने भी कहा कि लगातार इस ट्रॉफी को जीतना संस्थान के लिए गौरव का क्षण है।इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षकगण सलीम अहमद, अनिल कुमार, डॉ. आयशा अमीन, डॉ. हरकमल कौर, डॉ. रुबीना सुल्तान, प्रतिभा सिंह, मनप्रीत कौर, आकांक्षा रघुवंशी, सिद्धि अग्रवाल, हिमानी फुलारा और वर्णिका वर्माख्रभी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



# भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

रूद्रपुर। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में बाल दिवस समारोह का आयोजन बच्चों की उमंग, रचनात्मकता और प्रतिभा से सजीव रहा। प्रेरक संदेश के साथ कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और बच्चों के साथ केक काटकर की गई। प्रिंसिपल सर ने बच्चों को संबोधित करते हुए प्रेरक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और सपनों के मार्ग पर चलने की महत्वता बताई। बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए विशेष सुनहरे नियम बताए गए। प्रिंसिपल सर ने कहा कि आज का हर कदम कल की दिशा तय करता है। लक्ष्य स्पष्ट हों, मेहनत ईमानदार हो और नीयत हमेशा नेक हो तो सफलता अपने कदम चूमती है। समय की कीमत समझो, अच्छे मित्र चुनो, अभ्यास में निरंतरता रखो और भय से नहीं, अपने सपनों से मार्गदर्शन लो। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित करने, समय का सदुपयोग करने, मोबाइल और अनावश्यक स्क्रीन टाइम से दूरी बनाए रखने, माता-पिता और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता रखने, हर क्षेत्र में मेहनत को प्राथमिकता देने और असफलता से सीख लेकर आगे बढ़ने की सलाह दी। उनका यह संबोधन बच्चों के मन में आत्मविश्वास, अनुशासन और बड़े सपने देखने का बीज बो गया। कार्यक्रम की शुरुआत योगा प्रदर्शन से हुई, जिसमें बच्चों ने सूर्य नमस्कार और विभिन्न योगासन प्रस्तुत किए। इसके बाद कक्षा-वार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला चला। एन.सी. के बच्चों ने भावपूर्ण गीत नाच मेरी जान प्रस्तुत किया,



जबकि एल.के.जी. का बॉलीवुड मिक्स डांस और यू.के.जी. का मेरा वाला नृत्य तथा यू.के.जी. का राजस्थानी लोकनृत्य बावरे दर्शकों का मन मोह गए। संगीता मैडम और शिवाली मैडम के निर्देशन में हुए पहाड़ी नृत्य ने सांस्कृतिक विविधता का सुंदर उदाहरण पेश किया। कक्षा 1 का लुक छुप जाओ राजस्थानी लोकगीत, पंजाबी नृत्य ये बेबी और पश्चिमी रंग, कक्षा 3 का लुंगी नृत्य, कक्षा 2 द्वारा प्रस्तुत स्कूल चलें हम और कक्षा 5(ठ) का दमदार जूता जापानी कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण बने।इस अवसर पर बच्चों ने आत्मरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन भी किया, जिसमें टपदक मैडम ने मार्गदर्शन किया। यह प्रस्तुति समाज को जागरूक और सशक्त बनाने का संदेश दे गई। इसके साथ ही बच्चों के लिए छल्ला फाको, बॉल पिरामिड चौलेंज, सुत ड्रेचो, लकी ड्रा, रंग पहचानो, गुब्बारा फोड़ो, कुजारो और डार्ट फ्लोडो जैसे खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरा विद्यालय हंसी और खुशी से गूंज उठा। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को हस्तकला प्रशिक्षण भी दिया गया। मिट्टी के पॉट, दीये, गुल्लक और अन्य हस्तनिर्मित वस्तुएँ बनाने का अभ्यास किया गया, जिसका परिणाम बच्चों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में देखने को मिला। स्वागत और कार्यक्रम प्रबंधन का जिम्मा राकेश सर, अखिलेश सर, सुनील सर और रोहन सर ने बखूबी निभाया। सजावट का कार्य मनीषा मैडम और अन्य शिक्षिकाओं द्वारा समर्पण से पूरा किया गया।

# जौलजीबी मेले में मुख्यमंत्री धामी ने दी विकास की कई सौगातें

## सीएम ने सड़कों, पुलिया, ट्रैक रूट और सैनिक विश्राम गृह सहित कई निर्माण कार्यों की घोषणा की





पिथौरागढ़/देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार, जौलजीबी, पिथौरागढ़ में भारत–नेपाल सीमा पर काली और गोरी नदी के संगम पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक जौलजीबी मेला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न घोषणाएं की। विकासखण्ड मुनस्यारी अन्तर्गत ग्राम हूपली में झलूड़ी से पल्याती तक मार्ग निर्माण किया जायेगा। बगीचा से धारचूला कोट ट्रैकिंग मार्ग एवं मेला स्थल का विकास कार्य कराया जायेगा। ग्राम पय्या पौड़ी से नालालेख शिव मंदिर तक ट्रैक रूट निर्माण कराया जायेगा। विकासखण्ड मुनस्यारी अन्तर्गत कालापानी से दशरथ पर्वत कुण्ड तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। विकासखण्ड मुनस्यारी के अन्तर्गत ग्राम सुरिंग में आन्तरिक सी0सी0 मार्ग का निर्माण किया जायेगा। सिमगड़ नदी भैंसकोट में आर0सी0सी0 पुलिया एंव सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया जायेगा एवं धारचूला में सैनिक विश्राम भवन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला सदियों से भारत और नेपाल की सांस्कृतिक, आर्थिक और पारंपरिक मित्रता का प्रतीक है। जौलजीबी मेला केवल आयोजन नहीं, भारत–नेपाल की पारंपरिक मित्रता और आर्थिक–सामाजिक एकरूपता का प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री ने कहा वो स्वयं भी बचपन में इस मेले में आते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नेपाल की मित्रता और अधिक सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड की रजत जयंती के अवसर पर कहा था कि उत्तराखंड की आत्मा उसके मेलों और त्योहारों में बसती है और उन्होंने आह्वान किया कि राज्य में एक जिला–एक मेला कार्यक्रम प्रारंभ किया जाए। जिसमें जिले के एक प्रमुख मेले को विशेष सहयोग दिया जाएगा जिससे उस मेले के सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से पिथौरागढ़ जनपद सहित इस क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। पिथौरगढ़ में साढ़े सात सौ करोड़ रूपए से अधिक की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। 34 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से स्पोर्ट्स कॉलेज में आधुनिक मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण कार्य भी कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा विकासखंड बेरीनाग में शीघ्र ही लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य स्टेडियम का निर्माण कार्य भी प्रारंभ होने जा रहा है। पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज में लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत से 50–बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी निर्माण करा रहे हैं। जिले में 25 करोड़ रुपए की लागत से अस्कोट, गंगोलीहाट और धारचूला में नए बस स्टेशनों के निर्माण के साथ ही, पिथौरागढ़ में रोडवेज वर्कशॉप का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 327 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य भी गतिमान है। पिथौरागढ़ में कनेक्टिवी को बढ़ावा देने के लिए नैनी सैनी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य तेज गति से आगे चल रहा है। जिसके लिए 450 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी गतिमान है।ुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, रोजगार एवं स्वरोजगार के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ा रही है। प्रदेश में आज रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। अब प्रदेश में सरकारी भर्तियां पारदर्शी तरीके से हो रहीं हैं। जो प्रदेश के युवा प्रतिभा और परिश्रम के आधार पर सरकारी नौकरियां प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इससे पहले राष्ट्रीय एकता पद यात्रा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विधायक हरीश धामी, विधायक बिशन सिंह चुफाल, भाजपा जिला अध्यक्ष गिरीश बिष्ट एवं अन्य लोग मौजूद रहे।






# बिंदल हुंडई में लांच हुई हुंडई न्यू वैन्यू कार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा बाई पास रोड रुद्रपुर पर स्थित हुंडई कार के शोरूम बिंदल हुंडई में हुंडई की नई बहुप्रतीक्षित न्यू वैन्यू को लॉच किया गया। हुंडई की नई कार का अनावरण बिंदल हुंडई के डायरेक्टर आनंद अग्रवाल एवं राजकुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बिंदल हुंडई के महाप्रबंधक राजीव अग्रवाल ने बताया कि बोल्ड न्यू वैन्यू 1 लीटर टर्बोजीडीआई पेट्रोल 1.2 लीटर पेट्रोल और 1.5 लीटर यू 2 सीआरडीआई इंजन में उपलब्ध रहेगी। पेट्रोल वैरिएंट में इसकी कीमत 789900 रुपये से और डीजल वैरिएंट में 969900 रुपये से शुरू होती है, ये गाड़ी 5 सीटर कॉन्फिगरेशन में उपलब्ध है। बोल्ड नई वेन्यू शक्तिशाली और मजेदार ड्राइव प्रदर्शन प्रदान करती है, इस गाड़ी में 12.3 इंच का म्यूजिक सिस्टम डिस्प्ले और 12.3 इंच डिस्प्ले के साथ एमआई डी है, और इसका इंटीरियरकेबिन एक शांत, हाई–टेक और आरामदायक एहसास प्रदान करता है, बोल्ड हुंडई न्यू वैन्यू स्मार्टसेंस लेवल 2 अडास जिसमें 21 विशेषताएं हैं जो ड्राइविंग सुरक्षा, सुविधा और पार्किंग सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, 70+ कुल सुरक्षा सुविधाएँ, जिनमें सराउंड व्यू मॉनिटर, 6 एयरबैग, हिल डिसेंट कंट्रोल, सभी चार डिस्क ब्रेक और बहुत कुछ शामिल हैं इस गाड़ी में नए हेजल ब्लू, ड्रैगन रेड, मिस्टिक सफायर सहित 8 आकर्षक रंग विकल्प उपलब्ध हैं। राजीव अग्रवाल ने बताया कि हुंडई ने वाजिव दाम में फिर से एक बहुत अच्छी गाड़ी दी है जिसकी कीमत 789900/– रूपये से शुरू होती है। कार के लॉंच के मौके पर बिंदल हुंडई से कनिष्क बिंदल, पार्थ बिंदल, सुरेश गुसाईं, अंकित गुप्ता, अमित मिश्रा, प्रवीण तिवारी एवम शहर के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**पर्यटक स्थल के रूप में विकसित...**रूप से जनजागण किया बल्कि सामाजिक न्याय समान अधिकार और स्वतंत्र स्वाभिमानी राष्ट्र की परिकल्पना की भी एक नई दिशा प्रदान की। उन्होंने जनजाति समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाकर जनजाति समाज को संगठित करने का काम किया। भारत प्रत्येक नागरिक उन्हें एक ऐसे महामानव के रूप में याद करेगा जिन्होंने साहस संकल्प और त्याग के बल पर इतिहास की धारा को मोड़ने का काम किया। सीएम धामी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के अस्तित्व अस्मिता और आत्मनिर्भता के लिए जो मंत्र दिया था उसका आज पूरे देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अक्षरस: पालन किया जा रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की सोच को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। उन्होने करीब दो सौ करोड़ की लागत से आदि स्वतंत्रता सेनानियों के संग्रहालय बनवाये हैं जिससे देश भर में आदिवासी संस्कृति और योगदान को सम्मान मिला है। हमें गर्व है कि आज संथाल आदिवासियों की बेटी श्रीमती द्रोपदी मुर्मू हमारे देश की राष्ट्रपति हैं। ऐसा केवल और केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में ही संभव है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनजाति समाज के विकास के लिए बजट को भी तीन गुना बढ़ाकर आदिवासी समाज को सशक्त बनाने का काम किया है। कई योजनाओं के माध्यम से जनजाति समाज को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है।प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार भी उत्तराखण्ड के आदिवासी एवं जनजाति समुदाय के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत उत्तराखण्ड में 128 जनजाति गांवों का चयन किया गया है, जिसके माध्यम से चयनित गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास, आर्थिक सशक्तिकरण बेहतर शिक्षा व्यवस्था और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दिया जायेगा। यही नहीं हमारे राज्य में चार एकलव्य आदर्श विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। जिससे जनजाति समुदाय के छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा एवं हॉस्टिल की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा देहरादून और बाजपुर में नये आवासीय विद्यालयों का निर्माण तेजी से चल रहा है। शैक्षिक उत्थान के लिए वर्तमान में 16 राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। बेरोजगार युवक युवतियों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश में तीन आईटीआई संस्थानों का संचालन भी किया जा रहा है। जनजाति वर्ग के छात्र–छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गयी है। साथ ही उन्हें प्रतिमाह छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। हमारी सरकार जनजाति वर्ग की बच्चियों के विवाह के लिए अनुदान भी प्रदान कर रही है। इतना ही नहीं हमने जनजाति शोध संस्थान के लिए एक करोड़ का कारपस फण्ड भी बनाया है। इसके अतिरिक्त जनजाति संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिवर्ष राज्य जनजाति महोत्सव और खेल महोत्सव आयोजित किये जा रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि नानकमत्ता का इतिहास केवल धार्मिक महत्ता तक सीमित नहीं है बल्कि ये भूमि सामाजिक समरसता और न्याय और समानता की जीवंत प्रतीक रही है। ये पवित्र धरा श्री गुरूनानक देव जी की दिव्य शिक्षाओं से लेकर समृद्ध जनजाति परंपराओं की साक्षी रही है। गुरूनानक देव जी और भगवान बिरसामुंडा दोनों ने ही अपनी शिक्षाओं से समाज को सशक्त जागरूक और कुरीतियों से मुक्त बनाने का संदेश दिया। बिरसा मुंडा जी ने धर्मांतरण जैसी गंभीर समस्या के खिलाफ भी आंदोलन करके समाज को जागरूक करने का काम किया। आज उन्हीं से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार भी उत्तराखण्ड में सांस्कृतिक मूल्यों और डेमोग्राफी को संरिक्षत रखने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा है। हमने सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून लागू करने के साथ ही लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी घृणित मानसिकता के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की है। सबसे पहले हमने नागरिक संहिता का कानून लागू करके सभी को समान अधिकार देने का काम भी किया है। सीएम धामी ने कहा मैं विश्वास दिलाता हूं कि जनजाति आदिवासी समाज के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। समाज के प्रत्येक वर्ग को जब हम साथ लेकर आगे बढ़ेंगे तभी हमारा राज्य समृद्ध और खुशहाल होगा। सीएम धामी ने कहा कि यहां पर कई समस्याएं और मांगें सामने रखी गयी हैं इनका परीक्षण करने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। कार्यक्रम में सीएम धामी ने नानकमत्ता में जनजाति समाज के लिए नि:शुल्क कोचिंग सेंटर खोलने की घोषणा की। धान खरीद की समस्या को लेकर सीएम धामी ने कहा कि फिर से पोर्टल खुलवाकर किसानों को परेशानी नहीं आने दी जायेगी। इसके साथ ही सीएम धामी ने कहा कि साधू नगर स्थित कैलाश नदी में पुल का निर्माण जल्द किया जायेगा। राय सिक्ख भवन के निर्माण के लिए भी धनराशि प्रदान की जायेगी। नानकमत्ता को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए नानक सागर बांध को टूरिस्ट डेस्टिनेंशन बनाया जायेगा। सनातन धर्म उत्थान समिति नानकमत्ता के भवन एवं मंदिर निर्माण के लिए भी धनराशि प्रदान की जायेगी। ध्यानपुर से बरकी डांडी,औदली से डोहरी वाले मार्ग का डामरीकरण किया जायेगा। पर्वतीय उत्थान समिति के अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए भी धनराशि दी जायेगी। खटीमा बस स्टेशन का नाम महाराणा प्रताप बस स्टेशन किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, फरजाना बेगम, प्रेम सिंह टुरना, पालिकाध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी, श्रीपाल राणा, मंजीत सिंह, राजेश कुमार, दान सिंह रावत, नंदन सिंह खड़ायत, ओमनारायण, विकास गुलाटी, गोपाल सिंह, जीवन सिंह, नानक चरण राणा, रमेश जोशी, अमित पाण्डे, हेमवती राणा आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**भूकंप से बचाव के लिए...** हरिद्वार और देहरादून में सुबह दस बजे से ही अभ्यास शुरू हो गया। उत्तराखंड विभिन्न आपदाओं के लिहाज से संवेदनशील राज्य है। इसलिए पूर्व तैयारी, समुदायों का क्षमता विकास और निरंतर प्रशिक्षण आवश्यक है। मॉक ड्रिल का उद्देश्य राज्य के सभी जिलों की तैयारियों का परीक्षण करना और आपात स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। अभ्यास के दौरान बहुमंजिला आवासीय भवन के ढह जाने, अस्पताल भवन के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने, स्कूल और कॉलेजों में छात्रों के फंसने जैसी परिस्थितियों का सिमुलेशन किया गया। इसके तहत रेस्क्यू ऑपरेशन, घायल व्यक्तियों को सुरक्षित निकालना और आपदा प्रबंधन के विभिन्न चरणों का अभ्यास किया गया। हल्द्वानी में एमबी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सीआरपीएफ, फायर सर्विस, पुलिस बल, आरटीओ और स्वास्थ्य विभाग ने भारी मशीनरी और आधुनिक रेस्क्यू उपकरणों के साथ हिस्सा लिया। सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। ड्रिल में बहुमंजिला इमारत ढहने, अस्पताल के क्षतिग्रस्त होने, स्कूल कॉलेजों में छात्रों के फंसने जैसी परिस्थितियों का वास्तविक अभ्यास भी किया गया, ताकि आपात स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन्स और अधिक प्रभावी बन सकें।

**पुलिस स्टेशन में विस्फोट...**से किया जा रहा था। हालांकि, दुर्भाग्य से इसी दौरान शुक्रवार रात लगभग 11.20 बजे, एक आकस्मिक विस्फोट हुआ। इस घटना में 9 लोगों की जान चली गई है। एसआईए का एक कर्मी, एफएसएल टीम के 3 कर्मी, क्राइम सीन के 2 फोटोग्राफर, मजिस्ट्रेट की टीम में शामिल 2 राजस्व अधिकारी और टीम से जुड़ा 1 दर्जी घायल हो गए। इसके अलावा, आस–पास के इलाकों के 27 पुलिसकर्मी, 2 राजस्व अधिकारी और 3 नागरिक घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस स्टेशन की इमारत को बहुत नुकसान पहुंचा है और आस–पास की इमारतें भी प्रभावित हुई हैं। इस नुकसान की सीमा का पता लगाया जा रहा है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारणों की जांच की जा रही है। जम्मू–कश्मीर पुलिस इस दुख की घड़ी में मृतकों के परिवारों के साथ खड़ी है। गृह मंत्रालय ने भी इस मामले पर प्रेस कॉफ्रेंस करके जानकारी दी है। गृह मंत्रालय के जम्मू–कश्मीर संभाग में संयुक्त सचिव प्रशांत लोखंडे ने बताया कि शुक्रवार 14 नवंबर को रात 11:20 बजे, एक दुर्भाग्यपूर्ण आकस्मिक घटना में, जम्मू–कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन के अंदर एक बड़ा विस्फोट हुआ। घटना के कारणों की जांच की जा रही है, हालाँकि, इस घटना के कारणों के बारे में कोई और अटकलें लगाना अनावश्यक है। सरकार मृतकों के परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है।

**मानदेय वृद्धि की ..**को राज्य कर्मचारी घोषित किया जाये, मानदेय प्रतिमाह 24 हजार दिया जाये, सेवानिवृत होने पर पेंशन की सुविधा दी जाये और धनराशि को कम से कम 5 लाख रूपये किया जाये, ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाये, सुपरवाईजर के रिक्त पदों पर प्रमोशन से भरा जाये और एफआरएस प्रणाली को बंद किया जाये। इस दौरान सभी ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी भी की। धरने में वसुंधरा, सविता, जगरानी, रानी तिवारी, सोनिया, सावित्री, सुमन, रचना रानी, कैलाशो गंगवार, प्रभावती गुप्ता, शोभा, रजनी, ललिता, मीरा, प्रियंका, मीनू, कमला, नीलम, पूजा, संजू, ममता, अमृत कौर, सुरेखा, तारा भट्ट, पुष्पा, भावना, राजकुमारी, विमला आदि मौजूद रही।

**दिनदहाड़े युवक से ...** की। इस दौरान पीड़ित को गगन ज्योति रोड से गुरुद्वारे तक घसीट दिया गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने उसे बचाया , लेकिन तीनों आरोपी फोन लेकर भागने में सफल रहे।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**चोरी हुआ पिकप...**कला वार्ड नंबर 18 है तथा भागने वाले व्यक्ति का नाम मुझे पुत्र मुन्ने है जो कि गुलरिया पीलीभीत का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त ने स्वीकार किया है कि वह गाड़ी चोरी करके दूसरी जगह बचने के फिराक में थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# एनडीए की प्रचंड जीत पर आतिशबाजी से गूंजा शहर

गदरपुर(उद संवाददाता)। बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इसी कड़ी में गदरपुर के मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के प्रतिष्ठान पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया और जोरदार आतिशबाजी के साथ जीत का जश्न मनाया गया। प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उनका मुंह मीठा कराते हुए भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने बिहार चुनाव परिणामों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि भाजपा जनता के बीच विकास, विश्वास और पारदर्शिता की राजनीति के दम पर जीत हासिल करती है। उन्होंने कहा कि यह विजय जनता की आकांक्षाओं की जीत है और यह सिद्ध करती है कि एनडीए सुशासन का प्रतीक बन चुका है। पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष प्रीत ग्रोवर ने भी भाजपा की प्रशंसा करते हुए कहा कि भाजपा देश की सर्वोपरि और सबसे मजबूत संगठनात्मक क्षमता वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि बिहार की यह जीत देशभर के कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने का काम करेगी। जश्न के दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत जनता की उम्मीदों और केंद्र सरकार की विकासपरक नीतियों की पुष्टि है। वहीं मिष्ठान संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार ने भी बिहार में हुए चुनाव में एनडीए की जीत पर पर मिठाई बांटते हुए बधाई दी।





# बिहार विस चुनाव में संगठन के विश्वास पर खरे उतरे शिव अरोरा

रुद्रपुर। भाजपा संगठन के विश्वास पर खरे उतरते हुए विधायक शिव अरोरा ने बिहार की औराई विधानसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशी रमा निषाद के लिए प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाई। इसके परिणामस्वरूप रमा निषाद ने 57,206 मतों के अंतर से बिहार में सबसे बड़ी जीत दर्ज की। दरअसल, बिहार के औराई विधानसभा क्षेत्र में पार्टी संगठन के निर्देश के अनुसार रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे। उन्होंने कई दिनों तक बिहार में प्रवास पर रहकर औराई सीट पर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जमकर प्रचार किया।



विधायक शिव अरोरा ने कहा कि उन्हें औराई विधानसभा की जिम्मेदारी एक सिपाही की तरह सौंपी गई थी, जिसे उन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता का विश्वास और पार्टी संगठन के कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत ही इस शानदार जीत की वजह है। उन्होंने पार्टी की कर्मठ प्रत्याशी रमा निषाद को इस रिकॉर्ड जीत के लिए बधाई दी। ओराई में मिली इस ऐतिहासिक जीत के बाद रुद्रपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक शिव अरोरा का जोरदार स्वागत किया और उन्हें फूलमालाओं से सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने बिहार की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन का प्रांतीय अधिवेशन कल

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की राजकीय स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े फॉर्मेसी अधिकारियों के मान्यता प्राप्त संगठन डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तराखण्ड का प्रांतीय द्विवार्षिक अधिवेशन कल रविवार को रुद्रपुर रोड स्थित एक रिसॉर्ट में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सुरेश महर उपाध्यक्ष राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद उत्तराखण्ड, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण डा0 सुनीता टम्टा, विकास शर्मा मेयर रूद्रपुर, डा0 लक्ष्मण सिंह रौतेला, पूर्व अध्यक्ष फार्मेसी काउंसिल उत्तराखंड, अजय तिवारी अध्यक्ष क्रिकेट एसोसिएशन ऊधमसिंह नगर विवेक दीप सिंह उपाध्यक्ष युवा मोर्चा विशिष्ट अतिथियों के रूप में शामिल होंगे। द्विवार्षिक अधिवेशन में उत्तराखण्ड की स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे फार्मेसी अधिकारियों से विचार विमर्श करने के अलावा देश में फार्मेसी प्रोफेशन की दशा और दिशा पर चर्चा की जायेगी। द्वितीय सत्र में प्रदेश के जिलों से आये फार्मेसी अधिकारी नई प्रदेश कार्यकारिणी के निर्वाचन के लिये मतदान करेंगे। प्रेस वार्ता में संगठन की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती सुधा कुकरेती, डा0 सतीश चन्द्र पाण्डेय, पूर्व महामंत्री पवन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष हरीश उनियाल, प्रदेश प्रवक्ता भूपेश जोशी, मण्डलीय उपाध्यक्ष पाठक मण्डलीय सचिव ठाकुर प्रेम शेर सिंह कोषाध्यक्ष दिगम्बर सिंह रावत, जनपद यू एस नगर अध्यक्ष जगदीश टम्टा, डी के जोशी दीपक शर्मा, संदीप जोशी आदि उपस्थित रहे।



# मां बेटे से मारपीट, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के गणेश गार्डन क्षेत्र में मां-बेटे से मारपीट की घटना सामने आई है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोनू देवी पत्नी प्रमोद कुमार ने थाना ट्रांजिट कैम्प में शिकायत दर्ज कराई कि उनका पुत्र कृष्णा गिरी दोपहर करीब 03:30 बजे चाउमीन लेने महावीर दुकान गया था। काफी देर होने पर वह अपने पुत्र को देखने दुकान पर गई, जहाँ पता चला कि उनके पुत्र ने अमित भगत और सुमित भगत से सिगरेट की कई डिब्बियां ली थीं। जब इसका विरोध किया, तो दोनों भाइयों ने उन्हें और उनके पुत्र को गालियां दी, लात-घूसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान प्रार्थिनी ने 112 पर कॉल करने का प्रयास किया, लेकिन सुमित भगत की पत्नी ने उनका फोन छीनने की कोशिश की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।







# नशे की विष बेल को समूल उखाड़ना जरूरी: गाबा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर में अवैध नशों के बढ़ते प्रकोप के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चला रहे सुशील गाबा को नामित पार्षद रामाधारी गंगवार सहित दर्जनों बुजुर्गों एवं वरिष्ठ नागरिकों का आशीर्वाद मिला है। वार्ड 02 में हुयी नुक्कड़ सभा में कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे नामित पार्षद रामाधारी गंगवार के नेतृत्व में जुटे बुजुर्गों एवं वरिष्ठ नागरिको से आर्शीवाद प्राप्त करनें के बाद समाजसेवी सुशील गाबा नें अपना जोरदार संबोधन दिया। अपने संबोधन में श्री गाबा नें कहा कि सूखा नशा और कच्ची शराब जैसा नशा एक ऐसा अंधा कुंआ है जिसमें एक बार गिरनें के बाद बाहर आना लगभग नामुमकिन सा हो जाता है। नशे की लत लगनें के बाद व्यक्ति अपने दिमाग का नियंत्रण नशे को सौंप देता है। इसके बाद न तो उसे किसी की बात समझ आती है और न ही अपना भला बुरा सोच पाता है। वह अपने नशे की लत को पूरा करनें के लिये नशे के बड़े सौदागरों का पैडलर बन जाता है और यह पूरी चैन कोपी पेस्ट के सिद्धान्त की विष बेल की तरह पूरे समाज को अपनी चपेट में ले लेती है। इसलिये इस विष बेल को अब समूल उखाड़ना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नामित पार्षद रामाधारी गंगवार नें कहा कि आज हमें हर वार्ड में नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान को अपना पूरा समर्थन देना चाहिये। नशे की विषबेल को उखाड़नें के लिये जनजागरूकता सबसे सटीक दवा है। हमें प्रत्येक नागरिक तक यह बात पहुंचानी है कि कहीं भी नशा बिकता देख 112, आबकारी विभाग और मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवा देनी है। इससे शतप्रतिशत कार्यवाही होगी और हम और हमारा समाज नशे के जाल से निकल जायेंगें। बैठक का संचालन नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद ने किया। इस दौरान नंद किशोर चौहान, भगवान दास गंगवार, डाल चंद गंगवार, सुभाष श्रीवास्तव, रामस्वरूप सिंह, रमेश गंगवार, श्याम लाल गंगवार, रविन्द्र सिंह चौहान, हीरा लाल गंगवार, कृष्ण पाल गंगवार, ओम प्रकाश गंगवार, दुर्गा प्रसाद गंगवार, ओमकार गंगवार, मोनू कश्यप, समाजसेवी हैप्पी रंधावा, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्षा नेहा सामंत, मोनू कश्यप उपस्थित रहे।

